अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ॥
तेरा-मेरा करने वाले लोगों की सोच उन्हें बहुत कम देती है, उन्हें छोटा बना देती है जबकि जो व्यक्ति सभी का हित सोचते हैं, उदार चरित्र के हैं, पूरा संसार ही उनका परिवार होता है।

अमर उजाला
my city
लखनऊ
सुप्रभात
कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2075
सोमवार • 12.11.2018

07 घरों से घाट तक डाला छठ की उमंग, बाजारों में छाई रौनक

Lucknow.amarujala.com

वायु प्रदूषण के लिए एल्डर्स हब की पहल

लखनऊ। दीपावली पर आतिशबाजी की वजह से बढ़ने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए विराम खंड-5 जनकल्याण समिति और एल्डर्स हब ने एक पहल की। एल्डर्स हब के पदाधिकारी डॉ. भरतराज सिंह ने बताया कि सभी बुजुर्ग सदस्यों ने दीपावली पर एक दीया श्रीरामजी और दूसरा दीया शहीदों के लिए जलाकर दीवाली मनाई। इस दौरान लोगों को भी अपील करके बिना पटाखों के दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया।